15 322

डा• आर• के• सोहोने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर की अध्यक्षता, तथा डा• अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, पटना एवं श्री विकास कुमार, जिला कृषि पदधिकारी, पटना की गरिमामयी उपस्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना में २२वी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 12.08.2023 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित की गई, इस बैठक में विभिन्न विभाग के पदाधिकारीगण, केन्द्र में पदस्थापित सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

1. डा• आर• के• सोहोने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर
2. डा• अमरेन्द्र कुमार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, पटना
3. श्री विकास कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, पटना।
4. श्री बृजेन्द्र मणि, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, पटना।
5. श्री प्रेम शंकर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाढ़, पटना।
6. श्री देव कुमार, जिला कार्यक्रम पदधिकारी, प्रतिनिधि (प्रखंड परियोजना प्रबंधक), जीविका, बाढ़, पटना।
7. श्री विनय कुमार, अनुमंडल पशुपालन पदाधिकारी, बाढ़, पटना।
8. श्री प्रियरंजन कुमार, कनीय अभियंता, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना
9. श्री चंदन कुमार, प्रगतिशील किसान, मोकामा, पटना।
10. श्री सुधांशु कुमार, प्रगतिशील किसान, कचंनपुर, बिहटा, पटना।
11. श्री रवि प्रकाश, प्रगतिशील किसान, बेलछी, पटना।
12. श्रीमती संजू देवी, प्रगतिशील किसान, अथमलगोला, पटना।
13. श्रीमती संगीता देवी, प्रगतिशील किसान, फुलेलपुर, अथमलगोला, पटना।
14. डा• मृणाल वर्मा, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण), कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
15. श्री राजीव कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान), कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
16. श्रीमती चाँदनी, अध्येता अनुसंधान, जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
17. डा• प्रकाश चन्द्र गुप्ता, कार्यक्रम सहायक (प्रयोगशाला), कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
18. श्री जयंत प्रसाद, सहायक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
19. श्री अखिलेश कुमार, कार्यक्रम सहायक (संग्णक), कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
20. श्री चंदन कुमार, आशुलिपिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।
21. **डा• रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।** **सदस्य सचिव**

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में सामूहिक रूप से निम्न निर्णय लिये गये।

1. सर्वप्रथम 21वी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यो के द्वारा केन्द्र की गतिविधियो की सराहना एवं गत वर्ष के अनुपालन प्रतिवेदन की संपुष्टि की गई।
2. वर्ष 2022-23 में जाँच किये गये मिट्टी के नमूने के आधार पर पोषक तत्व प्रबंधन रणनीति 15-20 दिनो कें अंदर बनाना सुनिश्चित किया जाय।

(321)

अनुपालन : विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)

3. खेसारी के प्रभेद रतन एवं प्रतीक के नये बीज का क्रय करना सुनिश्चित किया जाय एवं इसे किसानो के बीज अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के माध्यम से प्रत्यक्षण किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण**

4. केन्द्र पर आम एवं अमरूद के पौधो की बिक्री हेतु जिला कृषि पदधिकारी, पटना एवं क्षेत्रीय निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना से संपर्क स्थापित किया जाय एवं इसकी सूचना नियंत्री पदधिकारी को दिया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

5. सबौर समद्धि और सबौर निर्जल की उत्पादकता कम है तो इसका परीक्षण ऑन फार्म ट्रायल के माध्यम से पुनः सुनिश्चित किया जाय तथा फसल कटाई के समय इसकी सूचना डा॰ अमरेन्द्र कुमार, प्रधान वैज्ञानिक के देख-रेख में कराई जाय, तथा यह ध्यान रखा जाय कि सबौर निर्जल प्रभेद में सिंचाई नही किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी प्रक्षेत्र**

6. कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना एवं आत्मा पटना संयुक्त भ्रमण के लिए प्रशिक्षण कैलेण्डर मार्च 2024 तक बनाया जाय तथा इसकी सूचना नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रसार शिक्षा को दी जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

7. श्री राजीव कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, मृदा विज्ञान को आत्मा योजना अंतर्गत जिला वैज्ञानिक के रूप में सदन ने अनुमोदित किया।

**अनुपालन : विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)**

8. ऑन फार्म ट्रायल कार्यशाला में प्याज पर ऑन फार्म ट्रायल का प्रस्तुतीकरण करना है।

**अनुपालन : विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान)**

9. कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना में मासिक बैठक की प्रति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान, पटना को भी उपलब्ध कराया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

10. तीन माह का प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाकर सभी कृषि विज्ञान केन्द्रो में आदान-प्रदान कर संबंधित विषय पर प्रशिक्षण हेतु वैज्ञानिको को संसाधन व्यक्ति के रूप में सेवा ली जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण**

11. कृषि विज्ञान केन्द्र में उपलब्ध बीज की जानकारी किसानो एवं जिला कृषि पदधिकारी, पटना को सूचना दी जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

12. केन्द्र में प्रत्येक मौसम में विभिन्न फसलो एवं मोटे अनाज का क्राप कैफेटेरिया लगाना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, प्रक्षेत्र**

13. केन्द्र में लगे क्राप कैफेटेरिया का आकलन किसानों द्वारा केन्द्र पर भ्रमण कराकर सुनिश्चित किया जाय तथा किसानो से प्राप्त सुझाव का डाटा वेस तैयार करना सुनिश्चित किया जाय। डाटा वेस श्री अखिलेश कुमार, कार्यक्रम सहायक, संगणक द्वारा किया जायेगा।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी प्रक्षेत्र एवं कार्यक्रम सहायक, संगणक**

14. बिहार कौशल विकास मिशन/आर॰पी॰एल॰/कौशल विकास प्रशिक्षण समाप्ति के बाद प्रशिक्षण लेने वाले किसानो द्वारा अपनी आय सृजन हेतु क्या-क्या कदम उठाये गए है। (उद्यमशीलता) इसकी प्रतिवेदन बनायी जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण**

15. किसानो का डाटा वेस बनाना है एवं किसान सारथी ऐप में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय दो वर्ष पूर्व में जो डाटा उपलोड किया गया था उसे बढ़ाया जाय। किसानो का डाटा बेस में मुख्य रूप से नाम, मोबाईल संख्या, आधार संख्या, ईमेल, पता एवं अन्य।

**अनुपालन : कार्यक्रम सहायक (संगणक)**

16. किसान सारथी ऐप में नोडल पदधिकारी का नाम बदलने का प्रस्ताव भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान, पटना को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

17. एस•सी•एस•पी• योजना से लाभार्थी का आय एवं उनके उत्थान का वर्णन करना है, तथा इसका डाटा बेस तैयार करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी एस•सी•एस•पी• एवं कार्यक्रम सहायक (संगणक)**

18. प्राकृतिक खेती के प्रत्यक्षण प्लॉट में प्रभेद का नाम उल्लेख करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, प्राकृतिक खेती**

19. एस•सी•एस•पी• योजना मद से केन्द्र में प्रसंस्करण संयंत्र क्रय करना सुनिश्चित किया जाय तथा एस•सी•एस•पी• समूह को प्रशिक्षित करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी एस•सी•एस•पी•**

20. श्रीमती अनिता कुमारी, प्रगतिशील किसान द्वारा आलू उत्पादन को जीरो टिलेज के माध्यम से करने में आलू उपज में काफी वृद्धि हुई तथा मानव संसाधन की कमी के कारण आलू उत्पादन में लागत भी कम हुई जिससे आय में बढ़ोत्तरी हुई। उक्त के संदर्भ में सदन ने केन्द्र को निदेश दिया कि संसाधन संरक्षण तकनीके अपनाये जाय ताकि आलू उत्पादन में वृद्धि हो सके।

**अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, प्राकृतिक खेती**

21. श्रीमती पुष्पा कुमारी, प्रगतिशील किसान को उत्तम प्रयास के लिए सदन के माननीय सदस्यो द्वारा सरहना की गई तथा दिनांक 19.08.2023 को स्थापना दिवस में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान, पटना में लाने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना को आदेशित किया गया ताकि स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीमती पुष्पा कुमारी, प्रगतिशील किसान अपनी अनुभव को अन्य किसानो के साथ साझा कर सके।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

22. किसान उत्पादक संगठन की कितनी संख्या बढ़ी है उसका उल्लेख वैज्ञनिक सलाहकार समिति की प्रगति प्रतिवेदन में करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

23. श्री सुधांशु कुमार, प्रगतिशील किसान, कंचनपुर, बिहटा, पटना ने सदन को अवगत कराया कि जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत सभी कृषि यंत्र का बैंक चयनित जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम गाँव में बनाया जाय ताकि मशीन की समस्या से किसानो की निजात मिल सके तथा पराली जालाने से बचाने के लिए अधिक से अधिक बेल बनाया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

24. श्री सुधांशु कुमार, प्रगतिशील किसान, कंचनपुर, बिहटा, पटना ने सदन को अवगत कराया कि प्रशिक्षण कैलेण्डर तीन-तीन माह पर बनाया जाय और इसकी सूचना ऑनलाईन/ऑफलाईन, लाईन डिपार्टमेंट को भी सूचना दी जाय ताकि उक्त तिथि में किसान अपनी समयानुसार प्रशिक्षण में भाग ले सकें।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

25. श्री सुधांशु कुमार, प्रगतिशील किसान, कंचनपुर, बिहटा, पटना ने सदन को अवगत कराया कि जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत बीज वितरण के बाद किसानो के साथ बैठक कर इसकी प्रतिक्रिया ली जाय।

**अनुपालन : को•पी•आई•, सी•आर•ए•**

26. श्री चंदन कुमार, प्रगतिशील किसान, मोकामा ने अवगत कराया कि नेपियर चारा से किसानो को काफी लाभ पहुँचा है तथा इसकी संपूर्ण विथिवत जानकारी हेतु 10 किसानो के समूह को झाँसी भेजने का प्रस्ताव दिया। उक्त के संदर्भ में प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान, पटना ने कृषि विज्ञान केन्द्र को निदेश दिया कि इसकी प्रस्ताव अटारी पटना को भेजना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**

27. पशुपालन से संबंधित प्रशिक्षण का कैलेण्डर भी बनाना है तथा पशुपालन प्रशिक्षण में संसाधन व्यक्ति के रूप में अनुमंडल पशुपालन पदधिकारी से अनुरोध किया जाय ताकि पशुपालको को नियमित प्रशिक्षण दिया जा सके।

अनुपालन : वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

28. आलू बीज उत्पादन हेतु नेट हाउस की स्थापना हेतु डी॰पी॰आर॰ बनवाकर राशि की माँग विश्वविद्यालय से सी॰आर॰ए॰ योजना से किया जाय।

अनुपालन : को॰पी॰आई॰, सी॰आर॰ए॰

29. ऑन फार्म ट्रायल का एक प्रतिकृति कृषि विज्ञान केन्द्र, में भी लगाना है।

अनुपालन : सभी वि॰व॰वि॰

30. जिला का आकस्मिता योजना मॉडल प्लान ए॰, प्लान बी॰ एवं प्लान सी॰ बनाना है।

अनुपालन : सभी वि॰व॰वि॰

31. अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाढ़ ने जल संरक्षण एवं बीज तथा पौधो की सूचना की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया ताकि जल संरक्षण एवं बीज तथा पौधो के संबंध में किसानों को नियमित जानकारी कृषि विभाग द्वारा दी जा सके।

अनुपालन : वि॰व॰वि॰, कृषि अभियंत्रण

नि॰ प्र॰ शि॰, वि॰ कृ॰ वि॰, सबौर के आदेश से

Reeta singh 22/08/2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।

ज्ञापांक.......182.......कृ॰वि॰के॰,बाढ़, पटना, दिनांक.......22.......08/2023

प्रतिलिपि :- कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना में कार्यरत सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ/सभी कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यर्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- प्रखंड उधान पदाधिकारी, बाढ़ पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाढ़ पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बाढ़ पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- परियोजना निदेशक, आत्मा, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला पशुपालन पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला कृषि पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- कार्यपालक अभियंता, जोन III B – पटना, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- क्षेत्रीय निदेशक, कृषि अनुसंधान संस्थान, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन – IV, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Reeta singh 22/08/2023

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान,
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना।